हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, सोमवार,1 अप्रैल 2024

11 सौभाग्यवती महिलाओं ने लगाया मां शीतला व बगुलामुखी ...



12 शहीद स्मारक स्थल की बदहाली पर जताया रोष



## खबर संक्षेप

### कूल डे मनाने का किया आह्वान

**बहादुरगढ़।** क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट बहादुरगढ़ की प्रेरणा से खरहर गांव में एक अप्रैल को किसी को बेवकूफ बनाकर फूल डे नही बल्कि किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करके कूल डे मनाया जाएगा। सामाजिक कार्यकर्ता ललिता राठी ने बताया कि धीरे-धीरे समाज में बदलाव आ रहा है। उनके अनुसार इस मुहिम से प्रेरणा लेकर गांव की ही पूजा ने अपने परिजनों के पुराने कपड़े जरूरतमंदों में वितरित करने का निर्णय लिया। इसी तरह हर किसी को एक अप्रैल को कूल डे मनाना चाहिए।

### निर्माणाधीन रोड से हाइवा चोरी

**बहादुरगढ़।** निर्माणधीन दिल्ली-कटरा मार्ग से एक हाइवा चोरी हो गया। वाहन मालिक पलवल के निवासी सुखबीर का कहना है कि उसे दिल्ली-कटरा मार्ग पर मिट्टी डालने का ठेका मिला हुआ है। इस काम में उसने अपने कई हाइवा लगा रखे हैं। ड्राइवर न होने के कारण एक हाइवा को निलोठी के पास साइट पर खड़ा किया था। शनिवार को सूचना मिली कि हाइवा गायब है। , आसौदा पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बादली थाना क्षेत्र में बुजुर्ग पर ईंट से हमला

बहादुरगढ़। बादली थाना क्षेत्र के अधीन लगते एक गांव में 80 वर्षीय बुजुर्ग पर ईंट से हमला कर दिया गया। घायल धर्मपाल का कहना है कि वह अपनी दीवार ऊंची कराना चाहता है लेकिन चाचा के लड़के काम नहीं होने देते। हाल ही में जब वह दीवार ऊंची करने लगा तो उन लोगों ने एतराज जताते हुए झगड़ा शुरू कर दिया। चाचा के लड़के और उसकी मां ने ईंट से हमला कर दिया। घर में घुसकर मारपीट की। जान से मारने की धमकी भी दी। ईंट के हमले में उसे चार टांके आए हैं। वहीं, पुलिस का कहना है कि मामला जमीनी विवाद से जुड़ा है। शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही है।

### रोड शो में जेब से निकाले रुपये

**बहादुरगढ़।** चंद दिनों पहले रोहद में हुए राजनीतिक रोड शो के दौरान एक कार्यकर्ता की जेब से रुपये निकले। पीड़ित ने भी सूझबूझ दिखाते हुए कई वीडियो फुटेज खंगालकर आरोपी की पहचान कर ली और पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। रोहद के निवासी प्रदीप का कहना है कि गत 27 मार्च को रोहद टोल पर भाजपा प्रत्याशी का रोड शो था। मैं भी वहां गया था। भीड़भाड़ काफी थी। इसी दौरान किसी ने मेरी जेब से करीब 30 हजार रुपये निकाल लिए। जब मैंने अपनी जेब में हाथ डाला तो वारदात का पता चला। जब रोड शो चल रहा था तो हम वीडियो बना रहे थे। एक-एक कर सारी वीडियो चेक की।

# शहर की सड़कों पर घूम रहे आवारा घोड़े, कुत्ते व गोवंश, बढ़ी परेशानी

## लोगों को कर रहे घायल, सड़क दुर्घटनाओं का भी बन रहे कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

इन दिनों शहर की सड़कों पर आवारा कुत्ते, घोड़े व बेसहारा गौवंश घूम रहे है। लेकिन नगर परिषद के पास इन्हें पकड़ने की कोई प्लानिंग नहीं है। जिसका खामियाजा आमजन और वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि सड़कों पर आवारा घोड़े पैदल चल रहे लोगों को लात मारकर घायल कर देते हैं, वहीं खड़े वाहनों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। वहीं आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या से भी लोग परेशान है। शहर के गली-मौहल्लों में कुत्ते छोटे बच्चों और महिलाओं को अपना शिकार बना रहे हैं। कई दफा शिकायत करने के बावजूद भी इन्हें पकड़ने की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इसके अलावा बेसहारा गोवंशों के कारण भी लोग काफी परेशान है। ये बेसहारा गोवंश दुर्घटनाओं का कारण भी बन रहे है। सांय ढलते ही ये सड़क के बीचों-बीच झुंड बनाकर बैठ जाते है। जिसके कारण कई बार हादसे भी हो चुके है।

■ गली-मौहल्लों में कुत्ते छोटे बच्चों और महिलाओं को अपना शिकार बना रहे



झज्जर। शहर की सड़कों पर घूम रहे आवारा घोड़े।,सड़कों पर खड़े कुत्तों की टोलियां, शहर की सड़कों पर घूम रहे बेसहारा गौवंश। फोटो : हरिभूमि

### खेतों में फसलों को पहुंचा रहे नुकसान

शहर में बेसहारा गौवंशों की संख्या में निरतंर वृद्धि हो रही है। शहर की कोई भी गली ऐसी नहीं बची है। जहां बेसहारा गौवंश घूमते हुए दिखाई न देते हो। इसके अलावा इनकी बढ़ती संख्या से किसान भी परेशान है। बेसहारा गौवंशों का झुंड खेतों में घुस जाता है और फसलों को खराब देता है। ग्वालिसन मार्ग पर रेलवे फाटक के नजदीक तो किसान रात को ठीकरी पहरा लगाने को भी मजबूर है।

### सुबह छोड़ देते हैं सड़कों पर

शहर की सड़कों पर घूम रहे आवारा घोड़े हिसंक हो रहे है। आसपास से गुजर रहे लोगों पर प्रहार कर घायल कर देते है, वहीं सड़कों पर खड़े वाहनों को भी नुकसान पहुंचा रहे है। अलसुबह इनके मालिक इन्हें सड़कों पर छोड़ देते है और सांय ढलने पर वापिस अपने घरों में ले जाते है। नप प्रशासन द्वारा इन घोड़ों के मालिकों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

# असंतुलित बाइक पेड़ से टकराई, एक की मौत



झज्जर। अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए शव को ले जाते हुए परिजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शनिवार देर रात क्षेत्र के गांव किलडौध के नजदीक हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान करीब 26 गोविंद पुत्र सतबीर निवासी नंदरामपुर बांस जिला रेवाड़ी के तौर पर हुई है। गोविंद किलडौध गांव में अपनी ससुराल आ रहा था कि यह दुर्घटना हो गई। इसके बाद गोविंद को गंभीर हालत में स्थानीय नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सुबह पुलिस ने अस्पताल पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए शवगृह भिजवाया। मामले के जांच अधिकारी साधुराम ने बताया कि गोंविद की पत्नी डिलीवरी होने वाली थी इस कारण वह किलड़ौध में अपनी ससुराल आ रहा था कि गांव पहुंचने से पहले उसकी मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे खडे. पेड़ से जा टकराई। गोविंद का एक दो वर्षीय पुत्र भी है। गोविंद हलवाई का कार्य करता था उनकी गांव में दुकान भी है। मृतक के भाई शिवम के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है।

■ बाइक सवार अपनी ससुराल आ रहा था

# जिला पुलिस की 76 टीमों ने की छापेमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

रविवार को आप्रेशन आक्रमण के तहत पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा जिले भर में औचक छापेमार कार्रवाई की गई। प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस आयुक्त बी सतीश बालन के निर्देशानुसार व डीसीपी डॉक्टर अर्पित जैन व डीसीपी मयंक मिश्रा के मार्गदर्शन में चलाए गए अभियान के दौरान पुलिस की 76 टीमों में तैनात 342 पुलिस के जवानों द्वारा जिले भर में विशेष छापामार कार्रवाई की गई। जिसमें विभिन्न मामलों के करीब 66 आरोपियों को पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान अवैध हथियार देशी पिस्तौल सहित दो आरोपियों को तीन देशी पिस्तौल सहित पकड़ा गया, जबकि अवैध शराब व नशीले पदार्थो के धंधे में लिप्त तीन आरोपियों को पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से देशी शराब की 37 बोतल, एक किलो 118 ग्राम गांजा बरामद हुआ। वहीं हत्या, जानलेवा हमला, चोरी आदि मामले में पांच आरोपियों को पकड़ा गया है। विभिन्न मामलों में 35 वांटेड उद्घोषित आरोपियों को पकड़ा गया है। यातायात नियमों की अवेहलना करने पर 227 वाहन चालकों के चालान किए गए है।

■ विभिन्न मामलों के करीब 66 आरोपियों को पकड़ा



झज्जर। छापेमार कार्रवाई के दौरान तलाशी लेते हुए पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

### यातायात पुलिस ने किए 168 चालान

**बहादुरगढ़।** यातायात नियमों का उल्लंघन करवाने वालों के प्रति पुलिस की सख्ती बरकरार है। रविवार को यातयात पुलिस ने अभियान चलाकर 168 चालान किए। वाहनों के शीशे पर काली फिल्म लगाकर घूम रहे चालकों के साथ ही लेन ड्राइविंग का उल्लंघन करने वालों पर पुलिस पूरी तरह सख्त दिखी। यातायात थाना प्रबंधक विकास कुमार ने बताया कि बार-बार चेतावनी के बावजूद ड्राइवर यातायात नियमों की पालना में लापरवाही बरत रहे हैं। इससे दुर्घटनाओं के साथ ही जाम की समस्या बढ़ती है। ऐसे लोगों को किसी सूरत में नहीं बख्शा जाएगा।

# 100 किमी दूर बहकर आया युवक का शव

## पानीपत के सिवाह से गुजर रही माइनर में 24 मार्च को डूबा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

हवन की राख बहाते वक्त एक युवक माइनर में डूब गया। लोगों ने उसे बचाने के खूब प्रयास किए लेकिन सफलता नहीं मिली। अब एक सप्ताह बाद करीब 100 किलोमीटर दूर युवक का शव बहादुरगढ़ इलाके से गुजर रही एनसीआर माइनर से बरामद हुआ है।

मृतक की पहचान करीब 22 वर्षीय पंकज के रूप में हुई है। पानीपत जिले के गांव सिवाह का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार, गत 24 मार्च को उनके घर पर हवन था। हवन के बाद राख को बहाने के लिए वह अपनी मां के साथ वहां से गुजर रही माइनर में बहाने के लिए गया। राख बहाते वक्त उसका पांव फिसल गया और वह माइनर में गिर गया। बेटे को डूबता देख मां चिल्लाई तो आसपास लोग इकट्ठे हुए। लोगों ने बचाने के प्रयास किए लेकिन सफलता नहीं मिली। बेटे को बचाने के लिए उसकी मां भी काफी दूर तक माइनर के साथ-साथ दौड़ी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सर्च अभियान शुरू किया। गोताखोरों को भी बुलाया गया। काफी मशक्कत करने के बाद भी पंकज माइनर से बरामद नहीं हुआ। करीब सप्ताहभर बाद शनिवार की सायं पंकज का शव गांव मांडोठी के निकट एनसीआर माइनर से बरामद हुआ। ऐसे हुई शिनाख्त

दरअसल, पुलिस को सूचना मिली थी कि मांडोठी के निकट माइनर में शव अटका हुआ है। फिर मांडोठी चौकी टीम मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला गया। कपड़ों की तलाशी ली तो पुलिस को एक मोबाइल मिला। हालांकि मोबाइल चालू हालत में नहीं था लेकिन पुलिस ने सिम निकालकर साइबर सैल की मदद से कुछ नंबर निकाले। इस तरह से मृतक युवक के परिजनों से संपर्क हुआ और शिनाख्त हो पाई।

■ माइनर में हवन की राख डालते वक्त पांव फिसल गया था

# घर में घुसकर पिता-पुत्र पर लाठी डंडों से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव छुड़ानी में सो रहे पिता-पुत्र पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया। गांव के ही एक युवक व बिहार मूल के एक व्यक्ति पर हमला करने और धमकी देने का आरोप है।

पुलिस को दी शिकायत में सुनील का कहना है कि कुछ समय पहले गांव की एक डेयरी में काम करने वाले प्रवासी मूल के संजय के साथ उसका झगड़ा हो गया था। तब हमारे परिवार के लोगों ने बीच बचाव कर मामला सुलझा दिया था। इसके बाद मैं अपने घर चला गया। रात करीब साढ़े 11 बजे जब हम सो रहे थे तो संजय अपने डेयरी मालिक के बेटे व दो अज्ञात युवकों के साथ हमारे घर आया। लाठी-डंडों से मुझ पर हमला कर दिया। शोर सुनकर मेरे पिताजी अंदर आए तो उन पर भी वार किए गए। इसके बाद चारों हमलावर धमकी देकर भाग गए। परिजनों ने हमको स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से झज्जर रेफर कर दिए गए। तब से ईलाज चल रहा था। अब तबीयत में सुधार होने पर शिकायत दी है। वहीं, बादली थाना पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। मामले में जांच की जा रही है।

■ बादली थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की

### टास्क देकर फ्रॉड करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा टास्क देकर फ्रॉड करने मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कया गया है। साइबर थाना प्रभारी अजय मलिक ने बताया कि शहर के दिल्ली गेट निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। पकड़े गए आरोपियों की पहचान कुलदीप व कन्हैयालाल दोनों निवासी राजस्थान के तौर पर की गई है। प्राथमिक पूछताछ में आरोपियों ने मामले का खुलासा किया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी कन्हैया लाल को पूछताछ के लिए पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। वहीं दूसरे आरोपी कुलदीप को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# चलती कार में लगी आग, दो युवकों ने कूदकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शनिवार दोपहर बाद करीब साढ़े तीन बजे गुढ़ा फ्लाईओवर क्रास कर रही एक गाड़ी में अचानक आग लग गई। गनीमत यह रहा कि गाड़ी में सवार दोनों युवक गाड़ी में आग लगती देखकर गाड़ी को सड़क पर रोक बाहर निकल गए। इसके बाद फायर ब्रिगेड व पुलिस को सूचना दी गई। गाड़ी में आग इतनी तेजी से फैली कि फायर ब्रिगेड पहुंचने से पहले गाड़ी जलकर स्वाहा हो चुकी थी। इसके बाद डायल 112 की पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर संबंधित गाड़ी मालिकों से आग लगने संबंधी जानकारी ली। गाड़ी संचालक दुल्हेड़ा निवासी जोगेंद्र पुत्र दिलबाग सिंह ने बताया कि वह रविवार को अपने साथी दीपक के साथ बादली गया था। उसके बाद वे किसी काम से रोहतक जा रहे थे। जैसे ही उनकी गाड़ी गुढ़ा स्थित फ्लाईओवर से उतर रही थी तो गाड़ी ने अचानक आग पकड़ ली। इसके बाद वे आनन-फानन में गाड़ी को सड़क पर छोड़ कर बाहर निकल गए।

■ फायर ब्रिगेड पहुंचने से पहले गाड़ी जलकर स्वाहा हो गई



झज्जर। गुढ़ा फ्लाईओवर पर आग लगने के बाद क्षतिग्रस्त हुई गाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने के चक्कर में गंवाए 3.98 लाख

**झज्जर।** ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने का लालच देकर शातिर साइबर ठगों द्वारा करीब 3 लाख 98 हजार रुपये की चपत लगाने का मामला सामने आया है। साइबर थाना में दर्ज कराई शिकायत में खेड़ी ताल्लुका पाटौदा निवासी आशीष पुत्र वीरेंद्र सिंह ने बताया कि वह स्टॉक मार्केट में ऑप्शन ट्रेडिंग करता है कुछ दिन पहले उसके फोन पर किसी व्यक्ति ने ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने का लालच दिया। इसके बाद उसने बीती छह मार्च को 38 हजार रुपये, सात मार्च को डेढ़ लाख रुपये, 12 मार्च को पचास हजार रुपये, 14 मार्च एक लाख साठ हजार रुपये उनके द्वारा बताए गए अकाउंट नंबरों में ट्रांसफर कराए। इसके बाद जब उसने अपने पैसे वापिस मांगने के लिए कॉल की तो उन्होंने मोबाइल नहीं उठाया। बार-बार जब उनके बताए नंबर पर कॉल की गई तो उन्होंने अपना फोन बंद कर लिया। इस प्रकार उसके साथ कुल तीन लाख अट्ठानवें हजार रुपये की धोखाधड़ी हुई है। पुलिस ने आशीष की शिकायत पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

**मुहिम**

**जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर व भाजपा नेता बलबीर सिंह ने युवाओं की पहल को सराहा**

# आसौदा में तीन एकड़ बंजर भूमि पर लगाया ऑक्सीजन बाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

आसौदा गांव के युवाओं ने रविवार को सराहनीय पहल करते हुए गांव के मंदिर की 3 एकड़ बंजर जमीन पर ऑक्सीजन देने वाले सैकड़ों पौधे लगाए। गांव के युवाओं के साथ-साथ बुजुर्ग और महिलाओं ने भी पौधारोपण में अपना सहयोग दिया है। युवाओं ने भविष्य में गांव की 36 एकड़ जमीन पर ऑक्सीजन देने वाले पेड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा। जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर बराही और भाजपा नेता एडवोकेट बलबीर सिंह ने भी युवाओं की इस पहल की सराहना करते हुए प्रोत्साहित किया।

आसौदा गांव के मिशन हरियाली संगठन से जुड़े युवाओं की पहल की सराहना करते हुए जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर बराही ने कहा कि केवल पेड़ पौधे ही ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। हालांकि अंधाधुंध पेड़ों की कटाई और बढ़. रहे शहरीकरण के चलते प्रदूषण भी बढ़.रहा है। आसौदा के युवाओं ने गांव को हरा भरा बनाने का संकल्प लिया है। युवाओं ने गांव के मंदिर की करीब तीन एकड़ बंजर जमीन पर एक ही दिन में ऑक्सीजन देने वाले सैकड़ों पेड़ पौधे लगाए हैं। इतना ही नहीं पेड़ पौधों को संभालने का भी संकल्प लिया है। वरिष्ठ भाजपा नेता एडवोकेट बलबीर सिंह ने कहा कि युवाओं की प्रकृति को बचाने के लिए पेड़ पौधे लगाने की यह पहल बेहद सराहनीय है। उन्होंने युवाओं को आशीर्वाद भी दिया। उन्होंने बताया कि मिशन हरियाली संगठन पिछले लंबे समय से गांव में पौधारोपण करता आ रहा है। लेकिन इतने बड़े स्तर पर युवाओं द्वारा पहली बार गांव में पौधरोपण किया गया है। आने वाले समय में युवा गांव की 36 एकड़ जमीन पर पेड़ पौधे लगाकर प्रकृति और जीव संरक्षण का संदेश देना चाहते हैं। युवाओं की इस पहल में गांव की महिलाओं, बुजुर्गों और आसपास के समाजसेवियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और जमकर पौधारोपण करने में सहयोग भी किया।



बहादुरगढ़। आसौदा गांव में पौधारोपण करते जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर व अन्य व पौधा लगाने के उपरांत सिंचाई करते भाजपा नेता एडवोकेट बलबीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

# पुलिस पर हमला करने वाला 19 साल बाद काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

जान से मारने की नीयत से पुलिस पर हमला करने वाला एक आरोपी 19 साल बाद गिरफ्त में आया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मामला वर्ष-2005 का है। सदर थाना प्रभारी मनोज कुमार का कहना है कि लूटपाट करने के एक मामले में पुलिस आरोपी गोपाल व युद्धवीर को पकड़ने के लिए गई थी। इस दौरान आरोपियों ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायर किए और वहां से भाग गए। पुलिस ने पीछा किया तो फिर से फायरिंग की गई। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायर किए। इसमें एक आरोपी युद्धवीर घायल हो गया। जिसके बाद उसे काबू कर लिया गया। वहीं दूसरा आरोपी भागने में कामयाब रहा। उसकी तलाश में पुलिस ने खूब रेड की लेकिन नहीं मिल सका। इसके बाद दस जनवरी 2006 को अदालत ने उसे उद्घोषित कर दिया। उसकी तलाश जारी थी। आखिरकार 19 साल बाद सीआईए वन और सदर थाने की संयुक्त टीम ने आरोपी को काबू कर लिया। आरोपी की पहचान गोपाल निवासी हलालपुर सोनीपत के रूप में हुई है। प्रारंभिक तौर पर सामने आया है कि वह पुलिस से बचने के लिए इधर-उधर छिपता रहा। हाल फिलहाल में सोनीपत जिले में एक होटल किराये पर ले रखा था। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

■ पुलिस पर जान से मारने की नीयत से की थी फायरिंग



## दूध, दही, लस्सी मिट्टी के बर्तन में रखते थे

दूध खराब न हो इसके लिए उसे मिट्टी की कढ़ोणी में रखा जाता था। कढोणी के नीचे ईंधन डाल दिया जाता था। दिनभर यह दूध उबलता रहता था। जिसके बाद वह खराब नहीं होता था। चाय आदि के दूध को ज्यादा गर्मी होने पर ठंडे पानी में रखते थे। मिट्टी की बिलौनी में दूध को शाम के समय जमाया जाता था। सुबह जो दही जमी होती थी, उसको बिलोकर मक्खन व लस्सी बना लिया जाता था।

# तूड़ी, अनाज और खाद्य वस्तुओं के भंडारण की सस्ती तकनीक का इस्तेमाल करते थे ग्रामीण



*चार दशक पहले तक बहुत से गांवों में इक्का दुक्का घरों में ही बिजली का कनेक्शन होता था। जिन घरों में बिजली का मीटर था। उनमें भी पर्याप्त बिजली उपकरण नहीं होते थे। लोग केवल रात को बल्ब जलाने के लिए बिजली का प्रयोग करते थे। आज हालात यह हैं कि बिजली की वजह से गांव देहात के दृश्य ही बदल गए हैं। गर्मी के मौसम में लोग गलियों में या घरों की छतों पर सोते थे। अब रात को गर्मी के मौसम में जहां गलियां सुनसान दिखाई देती हैं। पहले ऐसा नहीं था। पूरे गांव की गलियां रात को भी गुलजार रहती थी।*

परंपरा | राज कुमार नरवाल

आज से चार दशक पहले तक बहुत से गांवों में इक्का दुक्का घरों में ही बिजली का कनेक्शन होता था। जिन घरों में बिजली का मीटर था। उनमें भी पर्याप्त बिजली उपकरण नहीं होते थे। लोग केवल रात को बल्ब जलाने के लिए बिजली का प्रयोग करते थे। धीरे धीरे इलेक्ट्रिक उपकरण बढ़ते चले गए और हालात यह हैं कि बिजली की वजह से गांव देहात के दृश्य ही बदल गए हैं। गर्मी के मौसम में लोग गलियों में या घरों की छतों पर सोते थे। अब रात को गर्मी के मौसम में जहां गलियां सुनसान दिखाई देती हैं। पहले ऐसा नहीं था। पूरे गांव की गलियां रात को भी गुलजार रहती थी। आस पड़ोस व मोहल्ले के लोग देर रात तक एक दूसरे से बातचीत करते रहते थे। इन्वर्टर आने के बाद तो लोगों ने घरों के अंदर ही रहना शुरू कर दिया। अब तो गर्मी हो या सर्दी दिन के समय भी गांवों की गलियां सुनसान रहती हैं। पहले गांव के लोग दोपहर के समय भी घरों से बाहर ही रहते थे। गांव की बणियों में पेड़ों की छांव के नीचे पशुओं को बांधते थे और वहीं पर गांव के लोगों की दोपहरी कटती थी। बिजली के उपकरण जैसे जैसे बढ़ते चले गए वैसे वैसे ही गांव देहात के लोगों का रहन सहन और जीवन यापन का तौर तरीका ही बदलता चला गया।

### बर्फ को बोरी में डालकर तूड़ी में दबा देते थे

कोल्ड स्टोरेज व फ्रीज के आने से पहले खाने पीने की वस्तुओं के भंडारण का भी सिस्टम बदल गया। पहले ब्याह शादी में शहर से बर्फ की सिल्ली खरीदकर लाते थे तो उसको बोरी में डालकर तुड़ी में दबा दिया जाता था। जिससे बर्फ पिघलती नहीं थी।

### तूड़ी को सुरक्षित रखने के लिए भूसे से खेत में ही बना लेते थे कूप

अब तूड़ी को ज्यादातर लोग कमरों में भरकर रखते हैं। लेकिन पहले खेतों में तूड़ी रखने के लिए गेहूं की डालियों व भूसे आदि से लोग कूप बनाते थे। कूप बनाने में केवल श्रम लगता था। किसी भी प्रकार का खर्च इसको बनाने में नहीं लगता था। कूप में रखी गई तूड़ी गर्मी, सर्दी, बारिश व आंधी में सुरक्षित रहती थी। अब तूड़ी रखने के लिए बनाए जाने वाले कमरों पर लाखों रुपए खर्च होते हैं। पहले किसान गेहूं की तूड़ी के अलावा चने की भुरली, चने का खार, चने का न्यार और ग्वार का गूणा भी संभालकर रखते थे। कुछ इलाकों में तो आज भी इक्का दुक्का तूड़ी के कूप देखने को मिल जाते हैं।



### कागज को गलाकर बनाए ठाठियों में रखी जाती थी मिठाइयां

ब्याह शादी से कई दिन पहले घर की महिलाएं कागजों व गत्तों को इकट्ठा करके मिट्टी के घड़ों में डाल देती थी। उसके बाद इनमें पानी भर लिया जाता था। कागज गल जाने के बाद उनको मुलतानी मिट्टी मिलाकर मूसल के साथ उंखल में कूटा जाता था। जो कागज गलने के बाद गारा सी बनती थी, उससे महिलाएं बोहिए अथवा ठाठिए बनाती थी। उसके बाद मुल्तानी मिट्टी से उसकी लिपाई की जाती थी। महिलाएं इन बोहियों पर चित्रकारी करती थी। इन बर्तनों में मिठाइयां रखी जाती थी। इनमें रखी मिठाइयां खराब नहीं होती थी।

### तूड़ी में रखा जाता था प्याज

जब प्याज सस्ता होता था। तब उसको काफी मात्रा में खरीद लिया जाता था। उसके बाद उसको तूड़ी में रख दिया जाता था। तूड़ी में रखा गया प्याज महीनों तक खराब नहीं होता था। सालभर बाद भी प्याज ज्यों का त्यों रहता था।



### बालू रेत में रखे चने और मूंग नहीं होते थे खराब

चना व मूंग जैसी दलहन फसलों को खराब होने से बचाने के लिए लोग उनको बालू रेत में रखते थे। कई कई मण अनाज घरों में बालू रेत में पड़ा रहता था। यह अनाज लंबे समय तक बालू रेत में खराब नहीं होता था।

### महिलाएं बनाती थी गारा मिट्टी के कुठले

आज से तीस साल पहले तक महिलाएं गारा मिट्टी से छोटे बड़े कुठले बनाती थी। बड़े कुठलों में तो दो तीन मण तक गुड़ आ जाता था। कुठलों में रखा गया गुड़ चौमासे में भी खराब नहीं होता था। सभी तरह के मौसम बीत जाने के बाद भी सालभर गुड़ ज्यों का त्यों रहता था। इन कुठलों को ढंकने के लिए ढक्कन भी गारा से ही बनाया जाता था।

### घी को रखा जाता था मिट्टी के बर्तन (बारा) में

पहले ग्रामीण आंचल में बसने वाले अधिकतर लोग पशु पालते थे। कई घरों में तो कई कई दुधारू पशु होते थे। जिस वजह से बहुत घी स्टॉक करना पड़ता था। घी मिट्टी के पक्के बर्तनों में रखा जाता था। घी के बर्तन को बारा कहा जाता था। पहले घरों में घी के बारे भरे रहते थे।

### शहतूत की टहनियों से बने बोहिए में रखी जाती थी रोटियां

शहतूत की टहनियों को काटकर उनसे बोहिए, छाबड़े, छाबड़ी व पालने बनाए जाते थे। इन वस्तुओं में छिद्र होते थे, जिससे उनमें हवा भी पहुंचती थी। शहतूत से बनाए बोहिए में रेजे से बने छालने में लपेटकर रोटियां रख दी जाती थी। जो शाम तक भी खराब नहीं होती थी। कुछ लोग तो इन बोहियों में रखी रोटियों को दूसरे दिन भी खा लेते थे। जानवरों व पशुओं से बचाने के लिए इन बोहियों को मकान की छत पर रस्सी का छिक्का बनाकर उसमें रख दिया जाता था। बोहिया हवा में लटकता रहता था। सुबह एक बार महिलाएं रोटियां बनाकर बोहियों में रख देती थी, जिसको जब भी भूख लगती, तभी खा लेते थे। वे रोटियां स्वादिष्ट भी लगती थी। अब रोटियों को प्लास्टिक की परत लगे डिब्बो में रखा जाता है।



### बुखारियों में रखा जाता था अनाज

घर में चना, गेहूं, ग्वार, ज्वार आदि अनाज बुखारियों में रखा जाता था। घर में एक जगह पर ईंटों की छोटी दीवार बनाकर एक जगह बना ली जाती थी। जिसमें अनाज भर लिया जाता था। उसकी दीवारों की गाय के गोबर व मिट्टी से लिपाई पुताई कर दी जाती थी।

### मर्तबान में रखते थे अचार

अचार जहां अब प्लास्टिक के डिब्बों में रखा जाता है। वहीं पहले घरों में महिलाएं अचार को चीनी मिट्टी व कांच से बने अमृतबाण में रखती थी। अमर्तबाण में रखा गया अचार लंबे समय तक खराब नहीं होता और वह स्वादिष्ट रहता है। महिलाएं खुद अचार डाल लेती थी और उसको अमृत बाण में रख लेती थी। खेतों से शहद इकट्ठा करके भी लोग उसके कांच के बर्तन में रखते थे। कांच के बर्तन में शहद खराब नहीं होता।

---

रागनी | विश्वबंधु शर्मा



## क्यां की चिंता करता

पैदा सो ना पेद जगत मैं , जो ज्याम्यां सै वो मरता है ।
केवल कर्म हाथ मैं तेरै , तूँ क्यां की चिंता करता है ।। टेक ।।
सातदिनां मैं मरणा निश्चित , फेर क्यूँ मृत्यु तैं डरता है ।
रवि सोम मंगल बुध गुरु शुक्र , वोह नाम शनि का धरता है ।
दोष अपणे पै लेता न वो , वो त्यार बहाना करता है ।
बहाने बिन न मोत किसे की , इत कर्मा का फल भरता है ।
अगले पिछले कट्टे होज्यां , तूँ नाम मोतका धरता है ।
सब के हित मैं काम करै तूँ , तूँ अपणा हित ना करता है ।
काम क्रोध लोभ मोह मद मैं , नासमझ डूब केंमरता है ।
अकल आपणी बाध लागती , यकीन किसी पै न करता है ।
श्रद्धा विश्वास नहीं मन मैं, ना माधव मन तैं भजता है ।
माया ममता मैं घिर बैठा , कट खाणी से ना डरता है।
तूँ दीन बन्धु हरि ना भजता , मकड़ी ज्यूँ जाळे घिरता है ।
तूँ चरण शीश कदे न धरता , तूँ अकड़ा अकड़ा फिरता है ।
दोष नसादे पाप मिटा दे , वो सबका पेटा भरता है ।
थावस राख थोड़ी सी मन मैं , तूँ बेसबरी क्यूँ करता है ।
वो न्यायधीश न्यारा जग मैं ,बिन पासंग नरजा धरता है।
ग्रीवा काट गज नै बचावै , उद्धार अहल्या करता है ।
सुग्रीव बिचारा लाचारी , वो बाली का वध करताहै ।
बाणासुर की कन्या ठाले , शिव ध्वजा जमी पै धरता है ।
बनवारी ताकत का दाता , बन्धु शक्ति सब मैं भरता है ।
सब कुछ त्यार करै नर तेरा ,क्यूँ फिकर गात मैं करता है ।

गजल | किरण यादव



कौन आया दरमियाँ
जो हैं इतनी चुप्पियाँ

क्यूँ हमारे बीच में
आईं इतनी दूरियाँ

कैसे बतलाएँ तुम्हें
कितनी हैं मजबूरियाँ

कैसे भर पाएँगे हम
बीच की ये खाइयाँ

जहन में चुभने लगीं
जाने कितनी किर्चियाँ

गीत | शकुन्तला काजल 'शकुन'



## खूँटे नै भैंस पड़ाएं

पतली पिंडी पेट कूप-सा, ज्यों पेठा टॉग लगाएं जा...
ओ जुल्मी तेरा रूप देख, खूँटे नै भैंस पड़ाएं जा।

कर ले याद पुराणे दिना नै, जब कॉलेज मैं जाया करता।
उचक- उचक सब देखा करते, बिन गिनती दंड लगाया करता,
इब प्यारे तूं जावै फैलता,
गिरड़ी-सी गिरड़ाए जा..
ओ जुल्मी तेरा रूप देख, खूँटे नै भैंस पड़ाएं जा।।

जब-जब बात करूँ फिटनेस की, ऐकै बात सुनावै तू,
ब्याह होना था हो लिया , मत सिर पै चढ़ती आवै तू।
देख गली के मारैं सीट्टी, सर्कस का जोकर बताएं जा...
ओ जुल्मी तेरा देख, खूँटे नै भैंस पड़ाएं जा।।

करूँ रंग की बात नहीं, म्हारा ईश्वर भी तो सै काला।
तेरे रूप पै बेहमाता नै, कर राख्या सै कति चाला ।।
मल- मल लावै तेल जले तूं, नहाणा रोज डिगाएं जा...
ओ जुल्मी तेरा रूप देख, खूँटे नै भैंस पड़ाएं जा।।

पतली पिंडी पेट कूप-सा, ज्यों पेठा टॉग लगाएं जा..
ओ जुल्मी तेरा रूप देख, खूँटे नै भैंस पड़ाएं जा।।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

श्रद्धा | बाबा रामरूप में कस्बे सहित देश विदेश के लोगों की आस्था

# दादू नगरी के नाम से पहचाना जाता है बवानी खेड़ा



**मेला**
बसंत पंचमी के दिन भव्य मेले का आयोजन किया जाता है

**खेल**
मेले के दौरान लाखों रुपये पुरस्कार वाली खेल प्रतियोगिता भी करवाई जाती है

किसान | दीपक कुमार डुमड़ा

भिवानी जिले के बवानी खेड़ा में बाबा रामरूप के डेरे में लोगों के गहरी आस्था व श्रद्धा है। श्रद्धा के प्रतीक बाबा रामरूप के जन्मोत्सव के अवसर बसंत पंचमी के दिन भव्य मेले का आयोजन किया जाता है। बाबा रामरूप की कस्बे के ही नहीं अपितु देश के अलग अलग हिस्सों के लोगों में भी काफी मान्यता है। बसंत पंचमी वाले दिन बाबा कि पूजा अर्चना करने के लिए मुम्बई, चेन्नई, कोलकता, दिल्ली, राजस्थान, पंजाब, उतरप्रदेश सहित देश के अनेक राज्यों से लोग पहुंचते हैं। कस्बे के लोगों के अनुसार जो कोई भी श्रद्वालु बाबा की सच्चे मन से पूजा अर्चना करता है बाबा उसकी हर तमन्ना तो पूरी करते ही हैं साथ साथ उनके परिवार का संकट भी हर लेते हैं। डेरा महंत बाबा गुमानदास की माने तो मेले के दौरान बाबा रामरूप का डेरा भव्य तरीके से सजाया जाता है और भंडारे का आयोजन भी किया जाता है। इसके इलावा लाखों रुपये पुरस्कार वाली खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन होता है।



### कौन थे महंत गुमानदास

बाबा रामरूप डेरे के महंत गुमानदास ने बताया कि बाबा की मान्यता व जीवन के बारे में बताया कि सिद्ध श्री योगीराज बाबा रामरूप महाराज दादूपंथी का जन्म महेन्द्रगढ़ जिले के सीहा गा्रम में बसंत पंचमी के दिन विक्रमी सम्वत 1866 को गौड ब्राह्मण परिवार में हुआ था। ये दो भाई थे । इनका पूर्व नाम रामसुख था और छोटे भाई का नाम श्यामसुख था। एक बहन थी जिसका नाम फूलवती था। रामसुख छोटी अवस्था में ही विरक्त हो गए थे।

### कैसे जागी भावना

समाजसेवी सुभाष शर्मा, की मानें तो वे सुनते आए हैं कि 20 वर्ष की आयु होने पर रामसुख के हृदय में भावना उठी कि किसी उच्च कोटि के संत से दीक्षा लेकर जन्म को सफल बनाया जाए। वे बाबा मुंगीपा के दर्शन के लिए आ गए । तीन दिन भूखा प्यासा रहने पर भी जब मुंगीपा ने दर्शन नहीं दिए तो रामसुख ने अपनी जीवन लीला समाप्त करने की सोची। तब बाबा मुंगीपा को दर्शन देने पड़े।

### कैसे बने महात्मा

रामरूप गुरु जी आशीर्वाद से भगवद् भजन में इतने लीन हो गए कि परम सिद्ध महात्मा बन गए और अपनी योग माया से चमत्कारिक कार्य करने लगे। जैसे अंग्रेजों द्वारा तोप लाए जाने पर बवानी खेड़ा की रक्षा करना, नटनी की रक्षा करना, योग माया से चोरी जानना, गुरु की भिक्षा मांगना छुड़वाना, जमीन के नीचे मीठा पानी व ईंटों को बताना, गेहूं लाने वाले की चालाकी जानना, हजारी सेठ की पुत्री का मान सम्मान से विवाह करवाना, धन राशि दिखाना, गोपीचन्द व भ्रतृहरि का दर्शन देना, दो स्थानों में एक समय दर्शन देना, बवानी खेड़ा व सिंहा ग्राम में मंदिर बनवाना आदि अलौकिक कार्य बाबा रामरूप महाराज ने किए। अंत में जयपुर के बिहारी बाग में विक्रमी सम्वत 1934 को बाबा ब्रह्मलीन हो गए।

---

# युवाओं को अभिनय सिखाकर पहचान दिला रहे हरिकेश पंघाल

◆ बेजोड़ लेखक व कलाकार के रूप में कमाया नाम ◆ तीन दशक से संस्कृति का करते आ रहे संवर्धन ◆ सकारात्मक विचारधारा से जोड़ युवाओं में भर रहे संस्कार

कलाकार | ओ.पी. पाल

हरियाणा की लोककला एवं संस्कृति के क्षेत्र एक से बढ़कर एक कलाकार दिए हैं। ऐसे ही कलाकारों में डा. हरिकेश पंघाल हैं, जिन्होंने नाटक, कविता और लघु फिल्मों की पटकथा लिखने के साथ ही अभिनय के क्षेत्र में भी एक अभिनेता और रंगकर्मी में अपनी कला का प्रदर्शन किया है। वहीं उन्होंने कला के क्षेत्र में अनेक प्रतिभाशाली कलाकारों को प्रशिक्षण देकर उन्हें मंच पर अभिनेता जैसे कलाकारों की पहचान दिलाई है। थिएटर डांस और साहित्यिक क्षेत्र में पिछले तीन दशक से संस्कृति का संवर्धन करते आ रहे पंघाल अभी तक 50 से अधिक नाटकों का निर्देशन कर चुके हैं। प्रसिद्ध रंगकर्मी, अभिनेता, कवि एवं लेखक डा. हरिकेश पंघाल ने अपने साहित्यिक एवं कला के सफर को लेकर हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत में कई ऐसे अनुछुए पहलुओं को साझा किया है, जिससे कहा जा सकता है कि वह अपनी कला के माध्यम से समाज को सकारात्मक विचारधारा से जोड़कर संस्कृति और युवाओं को संस्कार की राह दिखाने में जुटे हैं।

हरियाणा के भिवानी जिले के गांव खरखड़ी माखवान में चौधरी जगबीर सिंह व श्रीमती वीना रानी के घर में 03 जुलाई 1974 को जन्में कलाकार हरिकेश पंघाल के परिवार की पृष्ठभूमि राजनीतिक रही है। उनके पिता चौधरी जंगबीर सिंह भिवानी संसदीय क्षेत्र से 1991 से 1996 तक सांसद रहे। उन्होंने हरियाणा निर्माण के बाद हुए पहले चुनाव में तोशाम विधानसभा से चौ. बंसीलाल के खिलाफ चार बार चुनाव में अपनी किस्मत आजमाई। उनके बड़े भाई कमल सिंह प्रधान भी राजनीति में सक्रिय रहे। इसके बावजूद हरिकेश पंघाल का रुझान बचपन से ही कला क्षेत्र में रहा। उन्होंने प्राथमिक शिक्षा के दौरान भिवानी पब्लिक स्कूल में विद्यालय के कार्यक्रमों में लघु नाटिका कविताएं और भाषण में हिस्सा लिया। इसके वे वैश्य महाविद्यालय भिवानी से स्नातक करने के दौरान रंगमंच की कला से जुड़ गए, जिसका नतीजा ये रहा कि वे युवा समारोहों में 6 बार सर्वोत्तम अभिनेता चुने गए। उनकी इस कला का आरंभ में परिजनों का विरोध भी झेलना पड़ा, लेकिन उनकी अभिरुचि पारिवारिक माहौल से अलग पहचान बनाती गई, तो परिवार ने भी प्रोत्साहन दिया।



### पत्नी बनी प्रेरणा

बकौल डा. हरिकेश पंघाल उनकी पत्नी भी उनकी कला के प्रसार में प्रेरणा साबित हुई। उन्होंने मनोविज्ञान और हिन्दी एवं जनसंचार में एमए, एलएलबी के अलावा पीएच.डी की उच्च शिक्षा हासिल की है। वर्तमान में वैश्य महाविद्यालय में मनोविज्ञान प्राध्यापक के रुप में कार्यरत डा. हरिकेश पंघाल ने बताया कि 1997 में हरियाणवी कविता को भी युवा समारोह में शामिल किया गया तो उन्होंने भी स्वरचित कविता सुनाई, जिसे प्रथम स्थान मिला। इससे उनका आत्मविश्वास ऐसा बढ़ा कि कई सालों तक उनकी वह कविता युवा समारोह में अव्वल रही। इसके बाद उन्होंने कविताएं लिखना शुरु कर दिया, जिसमें कई ऐसी कविताएं रही जो बड़े बड़े मंच पर प्रसिद्ध हुई। कला जगत में शुरुआती दौर में दर्शकों को उनकी रचनाएं बहुत पसंद आई, लेकिन उन्होंने ऐसी रचनाओं को अश्लीता की परिधि में महसूस किया तो उसके बाद उन्होंने संकल्प लिया किया कि वे ऐसी रचना और नाटकों की प्रस्तुति करेंगे, जिन्हें परिवार के लोग एक साथ देख या सुन सकें। कई बार ओटीटी एप के कार्यक्रमों और हरियाणवी एल्बम और फिल्मों के लिए भी गाने लिखने का ऑफर मिला, लेकिन हरबार उन्होंने वह सबकुछ लिखने से इंकार कर दिया, जो उसके संकल्प के बाहर था। इसलिए उन्होंने सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों और समाज में फैली कुरीतियों को उजागर किया है। डा. हरिकेश दो भक्ति शब्दों पुस्तकें भी लिखी। उन्होंने 15 हरियाणवी नाटक, हरियाणवी और हिंदी में 100 से अधिक कविताओं के लेखन किया।

### सम्मान व पुरस्कार

सुप्रसिद्ध कलाकार, कवि व लेखक डा. हरिकेश पंघाल को साहित्य, कला और अभिनय के क्षेत्र में दिए गए योगदान के लिए हिमाचल के राज्यपाल, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, त्रिवेणी, नटराज कला मंच सहित कई संस्थाओं व मंचों द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा हिंदी और संस्कृत एकांकी नाटकों में 80 शिष्यों को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिल चुका है। उनके कई छात्र बॉलीवुड और ओटीटी प्लेटफॉर्म की विभिन्न फिल्मों में काम कर रहे हैं, जो उनके लिए किसी सम्मान से कम नहीं है।

### गुरु मंत्र से अनेक युवा बने कलाकार

हरिकेश पंघाल का ध्येय कभी फिल्म जगत के परदे पर आना नहीं रहा। इसका मकसद यही था कि वह अपनी कला में कविताओं और साहित्य लेखन के माध्यम से हमेशा पथभ्रष्ट होते समाज खासकर युवा पीढ़ी को सही राह की और आकर्षित किया जाए। यही नहीं उन्होंने कला के क्षेत्र में रुचि रखने वाले युवाओं को जोड़कर गुरु-शिष्य परंपरा को भी गति देने पर बल दिया। इसका सकारात्मक परिणाम ये है कि आज उनसे जुड़े अनेक युवा एक कलाकार के रूप मंचों पर बेहतरीन कला का प्रदर्शन करके सामाजिक उत्थान में अपना योगदान देकर अपने परिवार, राज्य व देश का नाम रोशन कर रहे हैं। इनमें कमल आनंद, नवीन कुमार, अनूप कुमार, शीतल, राज सिंह, जनार्धन, सोनल शर्मा, दिशिका, राजेश राठौर, साहिल अपूर्व और अमिता आदि ऐसे शिष्य कलाकार हैं, जिन्होंने कई दर्जन सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के खिताब हासिल कर लिये हैं। जबकि डा. हरिकेश से अभिनय के गुर सीखकर एकता जागड़ा, उमा शैखावत, भावना, निशा, सुनीता, प्रदीप कुमार, प्रशांत, पवन कुमार, अमित कुमार आदि ने कला के क्षेत्र में नाम कमा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### खेत से लौटते समय की मारपीट, मामला दर्ज

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव कोयलपुर की एक महिला ने खेत से घर लौटते समय रास्ता रोकने का आरोप गांव के ही युवक पर लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में आशा पत्नी भूपेंद्र ने बताया कि जब वह 30 मार्च की शाम करीब सात बजे अपने ससुर सुरेश के साथ सरसों की कटाई उपरांत खेत से घर लौट रहे थे तो रास्ते में गांव के राहुल ने बगैर किसी बात के उसके ससुर के साथ मारपीट शुरू कर दी। जब वह बीच-बचाव करने लगी तो राहुल ने उसकी भी पिटाई की। बाद में गांव के लोगों की सहायता से उसके ससुर को उपचार के लिए मातनहेल के अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### रास्ता रोककर मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने रास्ता रोककर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

### आज चौगान माता व चाक पर चढ़ाया जाएगा गुड़ से बने चावलों का प्रसाद

# सौभाग्यवती महिलाओं ने लगाया मां शीतला व बगुलामुखी माता को गुड़-चने का भोग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर**

रविवार को सौभाग्यवती महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में मां शीतला की पूजा अर्चना की। इसी पूजा के साथ बासौड़ा पर्व की शुरूआत हो गई है। अलसुबह ही सौभाग्यवती महिलाएं लाल चुनरी व पीलिया ओढ़ कर अपने बच्चों के साथ चौगान माता व शीतला माता की पूजा करती नजर आई। अपनी-अपनी मान्यता के अनुसार जहां अधिकांश महिलाओं ने मां को गुड़-चने का प्रसाद चढ़ाया वहीं कई जगहों पर पूर्व रात्रि में गुड़ से बनाए गए चावल, दही, हल्दी, आटा व जल चढ़ा कर परिवार की सुख-समृद्धि की मन्नत मांगी। पूजा का यह सिलसिला सुबह से शुरू होकर शाम तक चलता रहा। बताते हैं कि शीतला मां की पूजा के बाद बासौड़ा पर्व आरंभ हो जाता है। पूजा करने बिमला देवी, कांता देवी, मधु देवी, ललिता, मीनू देवी आदि ने बताया कि मुख्य रूप से माता शीतला की पूजा अर्चना होती है। उन्होंने यहां मंदिर में विराजमान बगुला मुखी मां की भी पूजा अर्चना की है। अबके इसके बाद अब रविवार की रात्रि गुड़ से बनाए गए चावल का भोग सोमवार की अलसुबह चौगान माता व कुम्हारों के घरों में मिट्टी के बर्तन बनाने के लिए उपयोग में लाए जाने वाले चाक की पूजा की जाएगी। इसके उपरांत मंगलवार को फिर से गुड़-चावल का प्रसाद बनाया जाएगा जो दही के साथ माता गेट स्थित बुद्धोमाता मंदिर में अर्पित किया जाएगा।



**झज्जर।** पारंपरिक परिधानों में सुनार वाले मंदिर में बगुलामुखी माता की पूजा अर्चना करती महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

#### संक्रामक रोगों से मिलती है मुक्ति

हिंदू धर्म में शीतला अष्टमी का एक विशेष स्थान है। शीतला माता को संक्रामक रोगों से मुक्ति दिलाने वाली माता का रुतबा प्राप्त है। कहते हैं कि शीतला मां की पूजा करने से जहां रोग व बीमारियों से मुक्ति मिलती है वहीं जीवन में भी सुख शांति बनी रहती है। नकारात्मक विचारों से मुक्ति पाने के लिए शीतला मां की पूजा के बाद नीम के पेड़ में जल चढ़ाने व परिक्रमा करने की बात भी प्रचलन में है।

#### मां शीतला को लगाया जाता है बासी पकवानों का भोग

मां शीतला की पूजा के साथ शुरू हुए बासौड़ा पर्व के चलते इस दौरान चौगान माता, बुद्धोमाता आदि के समक्ष बासी पकवानों का भोग लगाया जाता है। इस पर्व को लेकर मान्यता है कि बासी पकवानों का भोग लगने के बाद से ही रात का बासी खाना दूसरे दिन की शाम तक खराब होना शुरू होता है। इससे पहले के दिनों में एक दिन पूर्व बनाया गया खाना दूसरे दिन की शाम तक भी खराब नहीं हो पाता है। बेशक वैज्ञानिक कारणों में सर्दी के मौसम के बाद गर्मी की शुरूआत होने के कारण बासी खाना खराब होना शुरू होता हो लेकिन आस्था यही है कि बासौड़ा पर्व के बाद ही ऐसा होता है।

# होनहार विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**झज्जर।** कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए पार्षद दिनेश छिक्कारा। फोटो :हरिभूमि

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर**

शहर की राजकीय प्राथमिक पाठशाला नंबर एक में विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम सुनाया गया। इस दौरान नगर पार्षद दिनेश छिक्कारा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए उत्कृष्ट अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। अभिभावकों से भी आह्वान किया कि सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को बेहतरीन सुविधाएं दी जा रही हैं इसलिए अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए वे सरकारी स्कूलों में उनका दाखिला कराएं। इस मौके पर स्कूल मुखिया विजय कुमारी, एसएमसी अध्यक्षा करूणा, शिक्षक नीर सिंह, संतरा, रीतू रानी, अरूण भटनागर, संजय भारद्वाज, अभिमन्यु, नरेंद्र, सुनीता देवी, रीना सहित अन्य भी मौजूद रहे।



**बहादुरगढ़।** कैंप का शुभारंभ करते एनएसएस स्वयंसेवक व अन्य। फोटो :हरिभूमि

### छारा कॉलेज में एनएसएस कैंप शुरू

**बहादुरगढ़।** गांव छारा में स्थित चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में रविवार को सात दिवसीय एनएसएस कैंप का शुभारंभ हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. तराना नेगी की देखरेख में आयोजित इस शिविर का संचालन एनएसएस प्रभारी मंजू मलिक कर रही हैं। शिविर की शुरूआत सुबह मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ हुई। प्रातःकालीन सत्र में राजकीय महाविद्यालय बिरोहड़ से राजनीतिक विज्ञान की प्राध्यापक डॉ. अनीता फोगाट ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को एनएसएस के उद्देश्य के बारे में बारीकी से समझाया और व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों को जीवन में व्यक्तित्व विकास के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ना आवश्यक है। दोपहर के सत्र में एनएसएस प्रभारी मंजू मलिक ने सभी स्वयंसेवकों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए परिश्रम बेहद जरूरी है। वहीं सायंकालीन सत्र में स्वयंसेवकों ने खेल गतिविधियों में भाग लिया।

# पार्षदों ने निकाय राज्य मंत्री के समक्ष रखी शहर की समस्याएं

■ समस्याओं के जल्द समाधान करवाने का आश्वासन दिया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर**

रविवार को नगर परिषद पार्षदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शहरी निकाय राज्य मंत्री सुभाष सुधा से करनाल में मुलाकात करते हुए शहर की समस्याओं से अवगत करवाया और उन्हें झज्जर आने का न्यौता भी दिया। नप के पूर्व वाइस चेयरमैन एवं मौजूदा वाइस चेयरमैन प्रतिनिधि प्रवीन गर्ग ने बताया कि शहर की बदहाल सफाई व्यवस्था, बेसहारा गोवंश, आवारा कुत्तों को पकड़ने, धर्मशाला से लिए जा रहे विकास शुल्क सहित शहर की तमाम समस्याओं के बारे में निकाय मंत्री को अवगत करवाया गया है। उन्होंने समस्याओं के जल्द समाधान करवाने का आश्वासन दिया है। इस दौरान वार्ड नंबर पांच से पार्षद यशपाल उर्फ कुक्कू, वार्ड नंबर 15 से पार्षद नरेश कुमार, वार्ड नंबर तीन से पार्षद प्रतिनिधि कमल सैनी, वार्ड नंबर आठ से पार्षद प्रतिनिधि यशपाल यादव मौजूद रहे।



**झज्जर।** शहरी निकाय मंत्री के समक्ष अपनी बात रखते हुए प्रवीन गर्ग।



**बहादुरगढ़।** समर्थकों संग दिल्ली रैली के लिए रवाना होते राजेश जून।

### समर्थकों के साथ रामलीला मैदान में गए आरजे

**बहादुरगढ़।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश जून रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित इंडिया गठबंधन की लोकतंत्र बचाओ संविधान बचाओ रैली में भाग लेने के लिए समर्थकों के साथ रवाना हुए। कांग्रेस कार्यकर्ता उत्साह के साथ नारे लगाते हुए दिल्ली की ओर कूच कर गए। इससे पहले राजेश जून ने कहा कि देश व प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है। विपक्षी नेताओं को सीबीआई और ईडी की मदद से जेल भेजने का कुचक्र लोकतंत्र को कमजोर कर रहा है। जात-पात व धर्म के नाम पर लोगों को बरगलाकर वोट हासिल करने वाली भाजपा से जनता निराश है। इंडिया गठबंधन की यह रैली भाजपा सरकार के ताबूत में कील ठोकेगी। यूथ कांग्रेस अध्यक्ष सचिन जून ने कहा कि जनता भाजपा की जन विरोधी नीतियों से दुखी है। कांग्रेस जनता की आवाज को बुलंद कर रही है।

# बादली कॉलेज में किया पौधरोपण

■ लघुनाटिका के जरिए विद्यार्थियों को मतदान के प्रति प्रेरित किया गया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़**

बादली स्थित चौधरी धीरपाल महाविद्यालय सात दिवसीय एनएसएस कैंप का आयोजन किया गया है। शनिवार को जहां मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उप-प्राचार्य डॉ. आनंद कादियान ने युवाओं को जागरुक किया। वहीं रविवार को मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित नेहा गुलिया ने कॉलेज परिसर में पौधरोपण किया। वहीं विकास शर्मा और पूनम शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जबकि मंच का कार्यभारी सविता व काजल ने संभाला। शिविर में सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन हुआ।

नेहा ने नृत्य किया तो मनीता ने कविता, अनमोल तथा नेहा ने गाना गाया। मनीता ने दहेज प्रथा पर कविता पेश कर सभी को झकझोर दिया। डॉ. आनंद कादियान ने मतदान के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया, मतदान के प्रति अहम जानकारी भी दी। अंत में लघुनाटिका के जरिए विद्यार्थियों को मतदान के प्रति प्रेरित किया गया। रविवार को आयोजित लोकगीत प्रतियोगिता में देवकी की टीम प्रथम रही। हेमलता व अन्नु की टीम दूसरे स्थान पर रही। जबकि अनामिका की टीम तीसरे स्थान पर रही।



**बहादुरगढ़।** कॉलेज परिसर में पौधा लगाती नेहा गुलिया व अन्य। फोटो :हरिभूमि

# कैंप में दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य जांचा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़**

स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से मिश्री देवी पुनर्वास केंद्र द्वारा विकास नगर में दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य जांचने के लिए विशेष शिविर लगाया गया। इसमें विभिन्न विभागों की ओपीडी लगाई गई तथा बच्चों के रक्त की जांच के साथ ही सभी जांच की गई। अनुभवी चिकित्सकों ने छात्रों को जांच के आधार पर परामर्श दिया। चूंकि बदलते मौसम में बच्चों को जल्दी ही बीमारियां जकड़ लेती है। इसलिए अच्छे खानपान पर ध्यान देना चाहिए।



**बहादुरगढ़।** शिविर में बच्चों की जांच करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

### विजेता खिलाड़ियों का किया जोरदार स्वागत

**झज्जर।** ब्राइट करियर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रईया की छात्राओं का राष्ट्रीय खेलो इंडिया महिला लीग में चयन हुआ है। प्राचार्य किरण मुदगिल ने बताया कि 30 से 31 मार्च 2024 को ब्रिटिश स्कूल पंचकूला में खेलो इंडिया महिला स्के मार्शल आर्ट हरियाणा की प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में संस्थान की छात्रा शिवाक्षी, अंजलि व तनीषा ने स्वर्ण पदक, कनक व अंजलि ने रजत पदक तथा प्रिया ने अपने-अपने भारवर्ग में कांस्य पदक हासिल कर आगामी राष्ट्रीय खेलो इंडिया महिला लीग में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। विजेता खिलाड़ियों के स्कूल पहुंचने पर निदेशक बलजीत, प्राचार्य किरण मुदगिल व कोच राहुल कुमार ने छात्राओं का फूलमालाओं से स्वागत करते हुए उन्हें प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया।



**झज्जर।** होनहार खिलाड़ी विद्यालय स्टॉफ सदस्यों के साथ।

# किड्स शैशव स्कूल की मोंटसरी विंग का हुआ शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर**

रविवार को शहर के माता गेट के नजदीक किड्स शैशव स्कूल की मोंटेसरी विंग का शुभारंभ किया गया। समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार, बीईओ रूपेंद्र नांदल, डॉक्टर आरपी आर्य ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। डायरेक्टर कैप्टन प्रवीर गहलोत और प्राचार्या उषा गहलोत ने मुख्यातिथियों के साथ मिलकर समारोह की शुरूआत की। मंच संचालन अध्यापिका सुष्मिता व दीपिका द्वारा किया गया। आठवीं कक्षा के छात्र लेख ने वैदिक स्कूल में बिताए गए अपने क्षणों को सांझा किया।

विद्यालय की प्राइमरी विंग के विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना, गणेश वंदना व गीता के श्लोकों की शानदार प्रस्तुति दी गई। नर्सरी व प्रथम कक्षा के विद्यार्थियों ने विभिन्न गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति देकर समां बांधा। डीईओ राजेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि शहर को इस प्रकार के स्कूल की आवश्यकता थी। इसका फायदा आगामी दिनों में देखने को मिलेगा। डॉक्टर आरपी आर्य ने कहा कि आधुनिक तरीके एवं खेल कूद के माध्यम से ही विद्यार्थियों का संपूर्ण शारीरिक एवं मानसिक विकास संभव है। इस दौरान समारोह में आए अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।



**झज्जर।** समारोह के दौरान मौजूद मुख्यातिथि व अभिभावक। फोटो :हरिभूमि

# राणा प्रताप स्कूल में हुआ पुरस्कार वितरण समारोह

## टॉपर विद्यार्थियों को स्कूल की तरफ से पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया

■ ट्रेफिक एसएचओ विकास कुमार ने अभिभावकों से 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन न दें देने का आह्वान किया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़**

शहर के राणा प्रताप स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें अभिभावकों ने अपने बच्चों का परीक्षा परिणाम प्राप्त किया। मुख्य अतिथि के रूप में यातायात थाना प्रबंधक विकास कुमार ने शिरकत की। जबकि अध्यक्षता स्कूल प्रबंधक आनंद पंवार ने की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलन से हुई। मंच संचालन स्कूल के उप प्राचार्य सतीश शर्मा ने किया। टॉपर विद्यार्थियों को स्कूल की तरफ से पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। ट्रेफिक एसएचओ विकास कुमार ने अभिभावकों से कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन न दें। यातायात के नियमों की पालना अवश्य करें। इस अवसर पर एसआई देवेंद्र हुड्डा, सुनीता पंवार, प्राचार्या मीनू देवी, रवि कुमार, खुशबु, नीलम देवी, भारती, निशा शर्मा, सीमा देवी व रोशन लाल आदि उपस्थित रहे।



**बहादुरगढ़।** टॉपर स्टूडेंट्स को पुरस्कृत करते ट्रेफिक एसएचओ व अन्य। फोटो :हरिभूमि

### खत्री व जून ने किया टीम को रवाना

**बहादुरगढ़।** हरियाणा की सब जूनियर शूटिंग बॉल टीम को कांग्रेस नेता उमेद सिंह खत्री, एचएल सिटी के अमित जून, सुरेंद्र ठेकेदार और तस्वीर अहलावत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह टीम गाजियाबाद के एचआरआईटी कॉलेज में होने वाली 42वीं सब जूनियर शूटिंग बाल चैंपियनशिप में भाग लेगी। एमेच्योर शूटिंग बॉल एसोसिएशन के प्रधान नरेश कटारिया और महासचिव जेपी कादयान ने बताया कि लड़कियों की टीम में तनु, तमन्ना, दर्शन, दीक्षा, दिशा, वर्षा, सुमित, रिमी, पिंकी व शर्मिला आदि शामिल हैं। लड़कों की टीम में मयंक, मनीष, गौरव, शुभम, सौरव, अंकित, योगेश, कृष्णा, रौनक, नूर और रविंद्र शामिल हैं। सुरेंद्र ठेकेदार ने टीम के सदस्यों को किट देकर रवाना किया। सुधा रोहतक और राजेश भिवानी इस टीम के कोच होंगे। मैनेजर दीपक हसनपुर और मोहन हिसार होंगे।

# कोबी ने रजिस्ट्रार का आभार जताया



**बहादुरगढ़।** विजयलक्ष्मी को बधाई देते कोबी के सदस्य व अन्य। फोटो :हरिभूमि

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़**

कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष प्रवीण गर्ग के नेतृत्व में कोबी के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला फर्म एवं सोसायटीज रजिस्ट्रार विजयलक्ष्मी को जिला में एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर बधाई दी। इंडस्ट्रियल एक्सटेंशन ऑफिसर मंजीत के साथ मिलकर उद्योगपतियों ने उद्योगों के उत्थान के लिए पिछले एक वर्ष में किए गए उनके प्रयासों के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### अभय चौटाला कल लेंगे कार्यकर्ताओं की बैठक

**झज्जर।** इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी के वरिष्ठ नेता अभय सिंह चौटाला मंगलवार को झज्जर पार्टी कार्यालय पहुंच कर कार्यकताओं की मीटिंग लेंगे। कार्यालय सचिव पवन धनखड़ ने बताया कि दोपहर बाद तीन बजे शुरू होने वाली इस मीटिंग में उनके साथ नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा भी मौजूद रहेंगे। मीटिंग का मुख्य एजेंडा आगामी लोकसभा चुनाव पर कार्यकर्ताओं से विचार-विमर्श करना और चुनाव को मजबूती से लड़ना है।

### जसौरखेड़ी में विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

**बहादुरगढ़।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जसौर खेड़ी में प्रिंसिपल प्रवीण ने वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। प्रिंसिपल ने विद्यालय की उपलब्धियां व वार्षिक रिपोर्ट सभी के सामने रखी। मनाली, जैसलमेर और पंचमढ़ी में हुए एडवेंचर कैंप में भाग लेने वाले छात्रों को इस दौरान प्रमाण पत्र वितरित किए गए। सभी छात्रों व अभिभावकों को नए सत्र की गतिविधियों के बारे में बताया गया। मौके पर स्टाफ सदस्य सुनैना, अरुणा, रजनी, नीलम, जसवंती, तृप्ता, सुमन, राजेश, राजेश चंद्र, दर्शन व सुनील आदि मौजूद रहे।

### कपास बिजाई की मशीन चोरी

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव चमनपुरा में कपास बिजाई की मशीन चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में सरजीत सिंह ने बताया कि बीते 28 मार्च को दुजाना-चमनपुरा मार्ग पर पीर बाबा के पास उसने कपास बिजाई की मशीन खड़ी की थी जो चोरी हो गई। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर नियमानुसार छानबीन शुरू कर दी है।

### प्रशासन से जल्द से जल्द स्मारक का सौंदर्यीकरण कराने की मांग की

# शहीद स्मारक स्थल की बदहाली पर जताया रोष, दिया सांकेतिक धरना

**सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि बार-बार आग्रह के बाद भी प्रतिमा स्थल की अनदेखी की जा रही हैं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

भारत-चीन युद्ध में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले शहीद ब्रिगेडियर होशियार सिंह की स्मृति में यहां रोहतक-दिल्ली रोड पर बनाए गए स्मारक स्थल की हालत खराब है। स्मारक/प्रतिमा स्थल परिसर के अंदर और बाहर सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं है। इससे आहत विभिन्न संस्थाओं के लोगों ने रविवार को स्मारक के बाहर धरना देकर रोष जताया। प्रशासन से जल्द से जल्द इस स्मारक का सौंदर्यीकरण कराने की मांग उठाई है।

दरअसल, ब्रिगेडियार होशियार सिंह राठी बहादुरगढ़ के गांव सांखोल में जन्मे थे। चीन के साथ हुए युद्ध में वीरगति प्राप्त हुए थे। उनकी याद में यहां रोहतक-दिल्ली रोड पर स्मारक स्थल बनाया गया था। यह स्मारक स्थल उपेक्षा का शिकार रहता है। इस वजह से लोगों में रोष है। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि बार-बार आग्रह के बाद भी प्रतिमा स्थल की अनदेखी की जा रही हैं। स्थल के सामने नाले पर स्लैब नही हैं, लोगों ने अतिक्रमण कर रखा हैं। इतना ही नहीं प्रतिमा स्थल के सामने ही लोग लघुशंका करते हैं। अंदर सफाई की व पानी की कोई व्यवस्था नहीं हैं। शाम ढलते ही अंधेरा छा जाता हैं क्योंकि अंदर लाइट की व्यवस्था नहीं हैं। शाम ढलते ही शराबी व नशेड़ी यहां अपना अड्डा जमा लेते हैं।


बहादुरगढ़। शहीद ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्मारक स्थल के बाहर धरनारत लोग। फोटो: हरिभूमि

प्रशासन शहीद ब्रिगेडियर होशियार सिंह प्रतिमा स्थल को अंदर व बाहर से ऐसा बनाए कि यहां से गुजरने वाले लोग कुछ पल ठहर कर जाएं। सोमवार को एसडीएम व अन्य संबंधित अधिकारियों को शहीद ब्रिगेडियर होशियार सिंह प्रतिमा/स्मारक स्थल की व्यवस्था सुधारने की मांग को लेकर एक ज्ञापन देंगे। अगर एक सप्ताह में भी यहां सुधार की प्रक्रिया शुरू नहीं होती है तो ठोस निर्णय लेंगे। सांकेतिक धरने में भाग लेने वालों में जयपाल सांगवान, मेजर सुधीर राठी, वजीर सिंह दहिया, राजकुमार अरोड़ा, दलबीर सिंह, सोमेश राठी, कर्मवीर राठी, सत्यवान मलिक, सोमवीर दहिया, हरिकिशन दहिया, सतेंद्र कुमार, वीरेंद्र आर्य, शशि भूषण वर्मा, सुरेंद्र सांखोल सहित अन्य शामिल थे।


बहादुरगढ़। मान सिंह हाई स्कूल के वार्षिकोत्सव में हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत करती छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच परिणाम घोषित

**बहादुरगढ़।** लाइनपार स्थित मान सिंह हाई स्कूल का वार्षिकोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया। पहली से लेकर 8वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों का परिणाम भी घोषित किया गया। स्कूल निदेशक राजेंद्र छिकारा व निर्मला देवी ने स्कूल के टॉपर व उत्कृष्ट विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। साथ ही बच्चों को जीवन में सकारात्मक सोच के साथ लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने को प्रेरित किया। स्कूल निदेशक राजेंद्र छिकारा व निर्मला देवी ने दीप प्रज्जवलन के बाद विभिन्न कक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित किया। कक्षावार प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने शानदार रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। हरियाणवीं गीतों पर छात्राओं के समूह नृत्य ने खूब धमाल मचाया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने देशभक्ति पर आधारित प्रस्तुति दी। एक तरफ बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की अलख जगाई तो दूसरी ओर बेटियों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का सार्थक संदेश दिया। नुक्कड़ नाटिका के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने इंटरनेट मीडिया के बढ़ते चलन पर कटाक्ष करते हुए मोबाइल के नकारात्मक प्रभाव के बारे में बताया। इस मौके पर चांद सिंह दलाल, उप प्राचार्य अशोक कुमार, नरेश कुमार, हरेंद्र, अशोक कुमार, कांता, सुमन, रानी, अंजली, दीपिका, मंजू, रिंकल, शिवांगी, शीला देवी, मीना, कमलेश, दीपा, मनीषा, पूजा, सविता, हर्षिता, रेनू व दर्शना आदि मौजूद रहे।

## कादियान ने कई गांवों में दिया निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

विधायक डॉ. रघुवीर सिंह कादियान ने गांव सिलोठी, डाबोदा, दुल्हेड़ा, खरमाण व मातन में ग्रामीणों से जनसंपर्क किया। ग्रामीणों को 7 अप्रैल को बेरी में होने जा रही जन आक्रोश रैली का निमंत्रण दिया। उन्होंने भाजपा सरकार पर जुबानी हमले करते हुए कहा कि नोटबंदी से ना कालाधन खत्म हुआ और ना आतंकवाद। बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के साथ महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। कर्मचारियों और खिलाड़ियों का शोषण हो रहा है। इस मौके पर अमरजीत अहलावत, पूर्व विधायक सुखबीर फरमाना, तसवीर अहलावत, रवि कादियान, परमजीत दलाल, सुनील छारा, भारत रोहद, विनोद खरमाण, खुशी राम, पवन ठेकेदार, विजय अहलावत, मोनू मातन, सतबीर पहलवान, रिंकु दलाल, मनजीत दलाल, दीपक छारा, नरेंद्र, रविंद्र भापड़ौदा, रामबीर, विनोद खरहर, महेंद्र प्रधान, अनिल छारा, जसबीर, मंजीत डाबौदा, रणबीर दुल्हेड़ा, संदीप देशवाल, दिलबाग मातन, ब्रहमजीत दलाल व अमित ठेकेदार आदि मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। ग्रामीणों के साथ बेरी के विधायक रघुवीर सिंह कादियान।

## अनाज मंडी आढ़तियों का विरोध प्रदर्शन आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

प्रदेश सरकार द्वारा आढ़तियों की मांगें न माने जाने पर हरियाणा स्टेट अनाजमंडी आढ़ती एसोसिएशन के आह्वान पर जिले के अनाजमंडी आढ़तियों द्वारा एक अप्रैल से पांच अप्रैल तक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। स्थानीय अनाजमंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान हरेंद्र सिलाना ने बताया कि विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रतिदिन आढ़ती एसोसिएशन सदस्य अनाजमंडी परिसर में एकत्रित होकर सुबह दस बजे से बारह बजे तक धरना देंगे। उन्होंने बताया कि बीते शनिवार को उनकी एसोसिएशन द्वारा बैठक का आयोजन कर सर्वसम्मत्ति से निर्णय लिया था कि वे सरकार द्वारा गेहूं व सरसों की फसल पर ढाई प्रतिशत कमीशन पर काम करेंगे। कोई आढ़ती हैंडलिंग एजेंट नहीं बनेगा। यदि सरकार द्वारा उनकी यह मांग नहीं मानती है तो सभी आढ़तियों द्वारा खरीद का बहिष्कार किया जाएगा। इसके अलावा सरसों की खरीद पर कोई भी आढ़ती जीएसटी नहीं भरेगा क्योंकि सरसों की खरीद सरकार द्वारा की जाती है। पिछली बार आढ़तियों पर जबरन जीएसटी थोप दिया गया था।

आढ़तियों व किसानों को परेशानी न हो इसलिए उठान कार्य भी खरीद के साथ-साथ कराना होगा। यदि सरकार उनकी इन मांगों को नहीं मानती है वे धरना देने पर मजबूर होंगे। इसी कड़ी में जब सरकार द्वारा उनकी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया तो कुरूक्षेत्र में हुई राज्यस्तरीय मीटिंग के दौरान एक अप्रैल से विरोध प्रदर्शन का फैसला लिया गया है।


झज्जर। विरोध प्रदर्शन को लेकर चरचा करते हुए अनाज मंडी एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं आढ़ती। (फाईल फोटो)


बहादुरगढ़। निगरानी कमेटी के सदस्यों के साथ पार्षद संदीप दहिया। फोटो: हरिभूमि

## पार्क में चल रहे काम की निगरानी करेगी कमेटी

**बहादुरगढ़।** शहर के वार्ड नंबर-18 के वेदांत नगर में स्थित नेताजी सुभाष चंद्र पार्क में चल रहे नवनिर्माण और मरम्मत कार्य के लिए स्थानीय निवासियों ने पार्षद संदीप दहिया और नगर परिषद का आभार जताया है। उन्होंने बताया कि रखरखाव के अभाव में पार्क खस्ताहाल हो रहा था। इसकी सुध लेते हुए पार्षद संदीप दहिया ने टेंडर लगवाया और यह काम सिरे चढ़ाया। पार्क में चल रहे कामकाज की देखरेख के लिए स्थानीय निवासियों की एक निगरानी कमेटी भी बनाई गई है। इसमें रामचंद्र मलिक, पंडित रामनिवास, राम कुमार, सतपाल व कांता कौशिक आदि शामिल हैं। पार्षद संदीप दहिया ने कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए इस तरह नागरिकों की निगरानी कमेटियां बनाई जा रही हैं।


## पूर्व सीएम के दामाद हुए भाजपा में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- **सभी ने जयकिशन छिल्लर को आश्वासन दिया कि भाजपा में मिलेगा पूरा मान-सम्मान**

पूर्व मुख्यमंत्री मास्टर हुकम सिंह के दामाद एवं सेवानिवृत्त जेल अधीक्षक जयकिशन छिल्लर रविवार को भाजपा में शामिल हो गए। बादली में हुए एक कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, सांसद अरविंद शर्मा व जिलाध्यक्ष राजपाल शर्मा के नेतृत्व में उन्होंने भाजपा का दामन थामा। सभी ने जयकिशन छिल्लर को आश्वासन दिया कि भाजपा में उनको पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। जेल विभाग में रहते हुए राष्ट्रपति पदक से पुरस्कृत जयकिशन छिल्लर बहादुरगढ़ के गांव लडरावण के रहने वाले हैं।

वे सोनीपत जेल के कई सालों तक अधीक्षक रहे हैं। फरवरी 2023 में फरीदाबाद जेल से जेल अधीक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। छिल्लर ने बताया कि पूर्व कृषि मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ से प्रेरणा लेकर वे अब भाजपा में रहकर समाजसेवा करेंगे। धनखड़ ने जयकिशन छिल्लर को पटका पहनाकर भाजपा में शामिल कराया। उनके अनुसार भाजपा की विचारधारा से उनके विचार मेल खाते हैं। इसलिए उन्होंने राजनीति में आने के लिए भाजपा को चुना है। पार्टी जो भी जिम्मेदारी देगी, वे उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे।


बहादुरगढ़। जयकिशन छिल्लर को भाजपा का पटका पहनाते ओमप्रकाश धनखड़। फोटो: हरिभूमि

## जिले के सभी लाइसेंस धारकों को 20 तक जमा कराने होंगे शस्त्र

**बहादुरगढ़।** प्रदेश में लोकसभा आम चुनाव को लेकर आचार संहिता लगी हुई है। इसके मद्देनजर कानून एवं शांति व्यवस्था कायम रखने तथा शांतिपूर्वक चुनाव सम्पन्न करवाने के लिए झज्जर पुलिस द्वारा जिले के सभी लाइसेंस धारकों को निर्देश दिए गए हैं। आगामी 20 अप्रैल से पहले शस्त्र धारकों को अपने लाइसेंसी हथियार थाना या गन हाउस में जमा कराने हैं। यदि कोई ऐसा नहीं करता है तो पुलिस उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी।

पुलिस उपायुक्त बहादुरगढ़ मयंक मिश्रा ने बताया कि झज्जर जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। इसलिए प्रत्येक लाइसेंस धारक को अपना हथियार जमा करवाना अनिवार्य है। प्रत्येक लाइसेंस धारक अपना लाइसेंसी हथियार संबंधित थाना में निःशुल्क जमा करवा सकता है। इसके अतिरिक्त कोई भी व्यक्ति गन हाउस में भी अपना लाइसेंसी हथियार जमा करवा सकता है लेकिन लाइसेंस जमा करवाने की रसीद संबंधित थाना में दिखाना अनिवार्य होगा। यदि किसी व्यक्ति ने 20 अप्रैल तक अपना लाइसेंसी हथियार जमा नहीं करवाया तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसलिए सभी लाइसेंस धारकों से अपील की जाती है कि वे अपने लाइसेंसी हथियार संबंधित थाना में जमा करवाएं ताकि निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से लोकसभा चुनाव संपन्न करवाया जा सके।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## खराब हुई फसलों की क्षतिपूर्ति करे सरकार

**बहादुरगढ़।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के अनुसार तेज आंधी तथा बारिश के साथ भारी ओलावृष्टि से प्रदेश के पांच जिलों में गेहूं, सरसों, बागवानी तथा सब्जियों की फसलों को बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है। इससे पहले भी 2 तथा 3 मार्च को ओलावृष्टि से भारी तबाही हुई थी। प्रदेश के अनेक किसान पूरी तरह तबाह हो गए हैं। कई स्थानों पर शत-प्रतिशत फसलें नष्ट हो गई हैं। संगठन के प्रदेश सचिव जयकरण मांडोठी ने कहा है कि हरियाणा सरकार को तुरंत स्पेशल गिरदावरी करवानी चाहिए तथा पीड़ित किसानों को 50 हजार रुपए प्रति एकड़ की दर से मुआवजा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि 'फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल' को तुरंत खोला जाए, ताकि किसान चौपट हो गई फसलों के नुकसान की जानकारी दर्ज करवा सकें। प्रभावित किसानों ने जो कर्ज ले रखा है, उसे भी माफ किया जाए।

## अर्जुन अवार्डी ने सेक्टर-2 में खोली जूडो अकेडमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के सेक्टर-2 स्थित गौरी शंकर मंदिर में ब्रह्मसमाज सेवा जूडो अकेडमी तथा गौरी शंकर एजुकेशन सेंटर की शुरुआत हुई। समिति प्रधान नरेश भारद्वाज व अर्जुन अवार्डी जूडो कोच पूनम चौपड़ा ने उद्घाटन किया। यहां 5 से 14 वर्ष के लड़के और 5 वर्ष से ऊपर की लड़कियां जूडो सीख सकेंगी। गौरीशंकर एजुकेशन सेंटर में पहली से 12वीं कक्षा तक अत्यंत गरीब बच्चों के लिए निःशुल्क व्यवस्था रहेगी।

समिति प्रधान नरेश भारद्वाज ने कहा कि यहां बच्चे शिक्षा के साथ-साथ खेल का प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। उद्घाटन के बाद 20 बच्चों ने डेमो क्लास में भाग लिया। उन्हें आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। शिक्षा मनुष्य के जीवन का सबसे कीमती तोहफा है। यह जीवन की दिशा और दशा बदल देती है। इस अवसर पर विनोद यादव, घनश्याम शर्मा, मुकेश कौशिक, मदन तिवारी, महेश वशिष्ट, एनआईएस कोच विजय शंकर पांडे, नेशनल कोच ममता शौकीन, पूजा कामरा, भूपेंद्र शर्मा, सुनीता चौपड़ा, राजेंद्र शर्मा, मन्नत चौपड़ा व गोविंद पारिक आदि मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। अकेडमी के उद्घाटन उपरांत बच्चों के साथ पूनम चौपड़ा व अन्य। फोटो: हरिभूमि

### परमिंदर बने महासभा के कार्यकारी जिलाध्यक्ष

**बहादुरगढ़।** अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा द्वारा नवनियुक्त जिलाध्यक्ष प्रवीण जांगड़ा और कार्यकारी अध्यक्ष परमिंदर जांगड़ा को कार्यभार सौंप दिया गया। महिला विंग अध्यक्ष की जिम्मेवारी गीता डरोलिया को दी गई है। पूरी प्रक्रिया क्षेत्रीय चुनाव अधिकारी एडवोकेट राजपाल जांगड़ा की देखरेख में हुई। हर 3 साल में महासभा के चुनाव होते हैं। इस अवसर पर प्रदेश संरक्षक अजीत सिंह, विश्वकर्मा समाज सेवा समिति के प्रधान जयभगवान जांगड़ा, मुख्य सलाहकार महेंद्र जांगडा, सतपाल वत्स, विजय जांगड़ा, किशोर कुमार, रामेश्वर जांगड़ा, रविंद्र जांगड़ा, महेंद्र जांगड़ा, धर्मवीर माछरोली, चंदन सिंह, जोगेंद्र चेयरमैन व सुनील जांगड़ा आदि मौजूद रहे।

## जसौर खेड़ी दंगल में पहलवानों को किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

खेड़ी जसौर गांव में रविवार को नंदलाल अखाड़ा में कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। इसमें भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन बंटी और भाजपा के जिला प्रवक्ता भीम सिंह प्रणामी ने पहलवानों का उत्साह बढ़ाया। आयोजकों ने सभी अतिथियों का जोरदार स्वागत किया तथा पगड़ी बांधकर सम्मान दिया।

नवीन बंटी और भीम सिंह प्रणामी ने दंगल स्थल पर पहलवानों के हाथ मिलवाकर कुश्ती मुकाबलों का शुभारंभ करवाया। नवीन बंटी ने कहा कि कुश्ती के क्षेत्र में हरियाणा के पहलवान राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत कर प्रदेश का नाम पूरे विश्व में रोशन कर रहे हैं। राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को पदक अनुसार सरकारी नौकरी, मान सम्मान व नकद इनाम धनराशि दी जा रही है। भीम सिंह प्रणामी ने कहा कि सरकारी प्रोत्साहन के चलते युवाओं व बच्चों का खेलों के प्रति रुझान बढ़ा है। ग्रामीण अपने बच्चों को शिक्षा के साथ खेलों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने को प्रेरित करें। आयोजकों ने नवीन बंटी, भीम सिंह प्रणामी, संजीव सैनी, संजय सैनी व संदीप वत्स को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।



बहादुरगढ़। आयोजकों से स्मृति चिह्न प्राप्त करते भाजपा नेता तथा नवीन बंटी को स्मृति चिह्न भेंट करते आयोजक। फोटो: हरिभूमि